**खबर संक्षेप**

### 31 दिसम्बर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं किसान

**मण्डला।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसलों के लिए बीमा पंजीकरण की शुरूआत हो गई है। रबी 2024-25 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि के पूर्व अपने पटवारी हल्का का अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्रा अधिकतम 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वाहन किया जाता है। योजना के प्रावधान अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और काश्तदारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। योजना सभी कृषकों हेतु स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जावेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियों प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित कॉन सर्विस सेन्टर जिले के समस्त बैंक, फसल बीमा पोर्टल (ण्चउइलिण्हवअण्पद) प्रतिनिधि बीमा एजेंट एवं उर्वरक नगद विक्रय केन्द्र के माध्यम से एवं स्वयं कृषक फसल बीमा पोर्टल पर जाकर पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक करवा सकते हैं। अऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज अऋणी कृषकों की पंजीयन करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज भू-अधिकारी पुस्तिका की छायाप्रति, पहचान पत्र आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छायाप्रति। बुआई प्रमाण पत्र की प्रति (कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच/सचिव द्वारा सत्यापित), मोबाईल नंबर। केसीसी ऋणी कृषक गत वर्ष से अपनी फसल परिवर्तन की सूचना 29 दिसंबर तक बैंक को दे सकता है अधिक जानकारी के लिये किसान भाई कृषि रक्षक पोर्टल/हेल्पलाईन 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।

**समूह की महिलाओं को प्रताड़ित कर रहा आजीविका विभाग**

# शिकायतकर्ता को ही दी जा रही धमकी



*** 50000 रूपये रिश्वत मांगने वाले कर्मचारी पर नहीं हो रही कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले का आजीविका विभाग भ्रष्टाचार को लेकर पहले से ही सुर्खियों में रहा है पिछले दिनों इनके एक और कारनामे ने उनकी शोहरत को बढ़ा दिया जब प्रभारी ब्लॉक मैनेजर ने समूह की महिलाओं से 50000 रूपये की मांग कर डाली और यह मांग इसलिए की गई की समूह की महिलाओं ने मेहनत कर कुछ लाभ कमाया था इस तरह की मेहनत और लाभ इस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर को हजम नहीं हुई और उसने समूह को डराना धमकाना प्रारंभ कर दिया और जब समूह की महिलाओं ने उसकी मांग पूरी नहीं की तो उसने समूह के प्रमाण पत्र को जाली एवं फर्जी बताकर उनकी पुलिस में शिकायत कर दी साथ ही समूह को दस्तावेज संधारण करने में भी परेशान करता रहा जब सर के ऊपर से पानी बहने लगा तो समूह की महिलाओं ने परियोजना अधिकारी के पास इस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर योगेंद्र तिवारी की लिखित शिकायत की। समूह की महिलाओं की शिकायत पर परियोजना अधिकारी ने शीघ्र जांच कर कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया लेकिन एक माह होने को आए अभी तक किसी तरह की कोई कार्यवाही इस रिश्वत मांगने वाले कर्मचारी पर नहीं की गई।

इसके उलट आजीविका विभाग के दूसरे कर्मचारी एवं उनके सहयोगियों ने इन समूह की महिलाओं को डराने धमकाने का काम प्रारंभ कर दिया रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों की जांच करना तो दूर उल्टा समूह की ही जांच प्रारंभ कर दी गई शिकायतकर्ता जो की ग्राम संगठन की सचिव भी है उन्हें बदलने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया और गाहे बगाहे पुलिस की धमकी दी जाने लगी समूह की महिलाओं को इस बात के लिए भी डराया धमकाया जा रहा है कि उनका यह समूह अब कभी काम नहीं कर सकता और पिछले काम की भी पूरी जांच की जाएगी और रिकवरी निकाली जाएगी और जमा नहीं करने पर उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी के ऐसे व्यवहार से समूह की महिलाएं काफी डरी हुई एवं प्रताड़ित हैं वे लगातार अधिकारियों के पास अपनी फरियाद लगा रही हैं लेकिन कोई भी उनकी सुनने वाला नहीं।

### आखिर क्यों बचाया जा रहा है इस कर्मचारी को

जिस प्रभारी ब्लॉक मैनेजर पर समूह की महिलाओं ने 50000 रूपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है इसके करनामें पहले भी उजागर हो चुके हैं इसके नोडल अधिकारी रहते गणवेश मामले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था और मामला जिले से लेकर भोपाल तक गूंजा था समूह की महिलाओं से गणवेश ना बनवाकर बाजार से घटिया गणवेश समूह के माध्यम से स्कूलों में सप्लाई की गई थी यह कार्य भी इसी कर्मचारी योगेन्द्र तिवारी के द्वारा किया गया था जिसकी जांच भी अभी तक लंबित है आखिर क्या कारण है कि जिले के अधिकारी इस भ्रष्टाचारी कर्मचारी के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही करने से डर रहे हैं और इसी का परिणाम है कि इसके हौसले बुलंद है और इसने अपने अन्य सहयोगी विभाग की महिलाओं के साथ समूह की महिला को लगातार प्रताड़ित करने का काम प्रारंभ कर दिया है जिले के आलाधिकारियों ने यदि इस मामले में शीघ्र कोई कार्यवाही नहीं की तो प्रताड़ित महिलाएं भावाबेस में कोई भी गलत कदम उठा सकती हैं फिर इसकी पूरी जिम्मेदारी आजीविका विभाग की ही होगी।

आखिर विभाग के अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट पेश करने में क्या परेशानी है यदि कर्मचारी दोषी है तो उसे दंडित करें और यदि पाक साफ है तो उसका भी विवरण सार्वजनिक करें ताकि समूह के माध्यम से हो रहा महिलाओं का विकास अवरुद्ध न हो सके एवं शासन की लाभकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हर उस परिवार तक पहुंच सके जिसे लाभान्वित करना शासन की मंशा है।



# शहर कांग्रेस कमेटी ने किया पुतला दहन



*** आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग पर अड़े कांग्रेसी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रतन बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है। जिसके विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी मंडला और शहर कांग्रेस कमेटी मंडला के संयुक्त तत्वाधान अध्यक्ष एड राकेश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन तथा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा अमित शाह के इस्तीफे और उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि ये टिप्पणियां न केवल भारत के महानतम नेताओं में से एक की अद्वितीय विरासत का अपमान है, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है जो उन्हें भारतीय संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता के रूप में सम्मान देते है। संवैधानिक पदाधिकारी की ओर से इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक है और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है। डॉ. अंबेडकर समानता, न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक है। उनके नाम को कलंकित करने का कोई भी प्रयास इन मूल्यों का अपमान है और हमारे देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरा है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, एड राकेश चौधरी,मोहन अग्रवाल, नंदू भाईजान,एड संजय चौरसिया, बाबा दुबे,ब्रजेश जसवानी, अनिल दुबे,अंकित रजक, राहुल श्रीवास मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# व्यापारियों की तुल रही धान, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय युवक कांग्रेस मण्डला के कार्य.अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में हो रही अनियमिताओं एवं किसानों के ठगे जाने की शिकायतें आये दिन सामने आ रही हैं । हमारे मण्डला जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति (विपणन एवं लेम्स केन्द्र) समिति मे धान खरीदी को लेकर विभिन्न प्रकार की अनिमित्ताओं हो रहीं है, एवं किसानों को मौजूदा सरकार के द्वारा ठगा जा रहा है। किसानों से 1 बोरी में 41 किलो 200 ग्राम धान तौली जाती है किन्तु 40 किलो धान का पैसा ही मिलता है बाकि के 1 किलो 200 ग्राम धान वारदाना (जूट का बोरा) के नाम पर काट लिया जाता है किन्तु उस जूट के बोरे का वजन मात्र 500/- ग्राम ही होता है। किसानों के द्वारा लाई गई धान को तौलने के लिये खरीदी केन्द्रो द्वारा मनचाहा पैसा लिया जाता है। एक 40 किलों की बोरी के 15 से 20 रू पल्लेदारी के लिये जाता है। जबकि शासन के द्वारा धान तौलने का पैसा दिया जाता है। किसानों के द्वारा अपनी फसल को बैचने के लिये स्लॉट बुक करके अपनी बारी का इंतजार करते है। जबकि बडे व्यापारियों की धान तुरंत तौल दी जाती है। उनके लिये किसी भी प्रकार का नियम नहीं होता है। खरीदी केन्द्रों में गरीब किसान से उनकी धान को पास करने के लिए केन्द्रों में नियुक्त सर्वेयर के द्वारा 1000 से 3000 तक की राशि मांगी जाती है। राशि देने के उपरांत ही किसान की धान पास होती है। किसानों से प्रति क्विंटल 20 से 25 रूपये प्रभारी द्वारा लिये जाते हैं यह पैसा क्यों दिया जाता है यह बताने कोई तैयार नहीं जिले के अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का दौरा तो कर रहे हैं लेकिन इस तरह की अनियमितता को वे अनदेखा करते जा रहे हैं। बहुत से व्यापारियों की धान तो सीधे मिल पहुंच जा रही है और खरीदी केन्द्र प्रभारी उसकी खानापूर्ति केन्द्र से कर रहे हैं। म.प्र. की भाजपा सरकार के द्वारा 3100 रू धान खरीदने की बात कही थी जो कि आज तक धरातल पर कहीं दिखाई दे रही है। इन सब विषयों को लेकर भारतीय युवक कांग्रेस ने जिला कलेक्टर मण्डला को ज्ञापन सौंपा उक्त दौरान संतोष भलावी, कार्य.अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर, सौरभ, पराग, साहिल, अमन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुकानदारों को डिस्पोजल का उपयोग एवं भंडारण न करने की समझाईश

**मण्डला।** कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत माहिष्मति रपटा घाट के पास स्थित दुकानों में जाकर व्यपारियों को नो सिंगल यूज नो पॉलीथीनए डिस्पोजल का उपयोग एवं भंडारण न करने की समझाईश दी गई। साथ ही मछली मार्केट में खुले में मांसध्मछली विक्रय करने पर एवं सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने पर व्यपारियों के चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें 6900.00 रूपये का चालान काटा गया। चालानी कार्यवाही निरंतर किया जाना है । श्री विनोद कछवाहा अध्यक्ष न.पा.परि. मण्डला के द्वारा नगरवासियों एवं व्यापारियों से अपील की गई है की नो सिंगल यूज नो पॉलीथीन का उपयोग एवं भंडारण न करे। साथ ही बाजार आते समय कपड़े के थैले का उपयोग करे। आज की चालानी कार्यवाही एस.सी. चौधरी प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय वार्ड सुपरवाईजरए के द्वारा की गई।

## मानव तस्करी, बंधवा श्रम, सुरक्षित प्रवास एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसके जोशी के निर्देशन में एवं प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जन साहस संस्था के समन्वय से गुरूवार को एडीआर सेंटर जिला न्यायालय मण्डला में मानव तस्करी, बंधवा श्रम, सुरक्षित प्रवास एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमान एस.के. जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री आरके रावतकर विशेष न्यायाधीश, श्री प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रजत सकलेचा पुलिस अधीक्षक मण्डला एवं समस्त न्यायाधीशगण, सुश्री क्षमा सराफ डिप्टी कलेक्टर मण्डला, पियूश मिश्रा एसडीओपी मण्डला, श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी, करन राठौर प्रोग्राम लीड जनसाहस, श्रीमती उर्मिला काउंसलर जनसाहस, रविभान मसराम जिला समन्वयक जनसाहस एवं जनसाहस की टीम, विभिन्न विभागों से आये प्रतिभागीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मानव तस्करी के संबंध में बताया कि यह एक ऐसा अपराध है जिसमें किसी व्यक्ति को बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के माध्यम से जबरन श्रम या व्यवसायिक यौन क्रिया के उद्देश्य से शोषण किया जाता है। साथ ही इससे बचने के लिए जागरूकता बढ़ाये जाने पर बल दिया एवं पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में बताया कि एसिड अटैक, सामूहिक बलात्कार, हत्या, अवयस्क बच्चों के साथ लैंगिक अपराध, शरीर के महत्वपूर्ण भाग पर गंभीर चोट या शल्य क्रिया भ्रूण हानि या क्षति के संबंध में पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार जन को प्रतिकर राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति स्वयं या उसके आश्रितों द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन व अपराध संबंधी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है के संबंध में जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पियूश मिश्रा एसडीओपी मण्डला द्वारा बताया गया कि मानव तस्करी व बंधुवा मजदूरी एक वैश्विक समस्या बन चुकी है और इस समस्या की रोकथाम एक बहुत बड़ी चुनौती है मानव तस्करी की रोकथाम के लिए सख्त कानून है। केवल कानून का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है वर्तमान में मानव तस्करी के संबंध में लोग जानते नहीं है जबकि यह बहुत ही संवेदनशील विषय है। इस प्रकार के अपराध हमारे समाज में बिल्कुल अपनाने लायक नहीं है क्यों इन अपराधों में छोटे-छोटे बच्चों को बंधुवा मजदूर बनाया जाता है व उन्हें मानव तस्करी का शिकार बनाया जाता है।

**सौगात** | **मण्डला और बम्हनी बंजर तक आवागमन की बेहतर सुविधा मिली।**

# टिकरवारा के नागरिकों को मिली सौगात

*** 70 लाख 20 हजार की लागत से बनी सड़क।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से मंडला-नैनपुर मुख्य मार्ग से ग्राम टिकरवारा तक पक्की सड़क का निर्माण होने से नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण 70 लाख 20 हजार की लागत से किया गया है। ग्राम टिकरवारा तक इसकी लम्बाई 3.73 किलोमीटर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण होने से ग्राम टिकरवारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से जिला मुख्यालय से जुड़ गया है। इससे टिकरवारा के नागरिकों के लिए आवागमन की सुविधा बेहद आसान हुई है। पहले टिकरवारा के लिए कच्ची सड़क थी जिससे नागरिकों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती थी। कच्ची सड़क होने के कारण बरसात के मौसम में आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी। कपड़े और सामान खराब हो जाते थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण होने से अब गांव के नागरिक मंडला और बम्हनी बंजर तक आसानी से आ-जा रहे हैं। स्कूली बच्चे भी रोजाना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पक्की सड़क से स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क बन जाने पर सभी नागरिक बहुत प्रसन्न हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंध में श्री चैनसिंह ने बताया कि पहले मंडला-नैनपुर मुख्य मार्ग से ग्राम टिकरवारा तक कच्ची सड़क थी। कच्ची सड़क से नागरिकों को मंडला और बम्हनी बंजर आने-जाने में बहुत दिक्कत होती थी। नागरिकों को हाट-बाजार, शासकीय कार्यालय और नाते-रिश्तेदारों के घर जाने में बहुत परेशान होना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण होने से अब इन गांवों के नागरिक आसानी से आना-जाना कर रहे हैं। इस प्रकार से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्राम टिकरवारा के नागरिकों की आवागमन को आसान बना दिया है। मोहन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण होने से खाद्यान्न उपभोक्ता उचित मूल्य की दुकान से सरलता से राशन घर ला रहे हैं। इन गावों तक जननी एक्सप्रेस वाहन भी आसानी से आ जा रही है। मरीज उपचार हेतु आसानी से बम्हनी बंजर या मंडला आ जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर ग्रामीणजन अपने-अपने वाहनों को तेजी से दौड़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने सभी नागरिकों का सफर आसान कर दिया है।

**खबर संक्षेप**

## दिन के समय शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही खतरे की ओर संकेत...?



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** महँगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जनसुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिन रात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गूँजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है। वही लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है, मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?मगर प्रशासन द्वारा नगर में लागू की गई नो एन्ट्री की ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा बना हुआ है।

## मात्र चौदह साल में टूटते हुये दिखाई देने लगा करोड़ों की राशि से बना हुआ नर्मदाजी के ककराघाट का पुल

**क्या इस सच्चाई के बीच गाडरवारा-तेंदूखेड़ा मार्ग को सुरक्षित रहने की कल्पना की जा सकती है...? निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता पर भी खड़े हो रहे है सवाल ..**

गाडरवारा

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब क्षेत्र में किसी बड़े मार्ग हो या फिर पुल निर्माण की स्वीकृति मिलती है तो क्षेत्रवासी खुशी से फूले नही समाते है। मगर जब उस निर्माण कार्य में सरकार का करोड़ो रूपया खर्च होने के बाद चंद दिनों में टूटते हुये नजर आने लगता है तो निश्चित तोर से उसकी गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने के साथ साथ क्षेत्र के लोगों की खुशी पर ग्रहण लगने से नही चूकता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से तेंदूखेड़ा को जोड़ने वाले मार्ग पर नर्मदा नदी के ऊपर ककरा घाट पर बने हुये पुल को टूटते हुये देखे जाने से सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि इस सच्चाई के बीच इस पुल की लम्बी उम्र की कल्पना की जा सकती है..? ज्ञात हो कि लगभग 15 साल पहले तेंदूखेड़ा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक संजय शर्मा तथा गाडरवारा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक गोविंद सिंह द्वारा गाडरवारा को तेंदूखेड़ा से सीधे जोड़ने के लिये नर्मदा जी के ककारा घाट पर पुल निर्माण की मांग उठाई जाती रही है। इस तरह क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जाने वाली इस मांग को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गंभीरता से लेते हुये क्षेत्र के लोगों को इस पुल की सौगात प्रदान की गई थी। क्योंकि पहले गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को तेंदूखेड़ा पहुंचने के लिये करेली बरमान से होते हुये जाना पड़ता था या फिर उदयपुरा मार्ग से जाते थें। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र के लोग पहले गाडरवारा से करेली 36 किलो मीटर तथा करेली से तेंदूखेड़ा 37 किलो मीटर कुल मिलाकर 73 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद तेंदूखेंडा पहुंच पाते थें।








मगर गाडरवारा से ककरा घाट होते हुये रोड का निर्माण होने के साथ नर्मदा नदी पर पुल बन जाने के उपरांत गाडरवारा क्षेत्र के लोगों को तेंदूखेंडा पहुंचने के लिये दूरी 38 कम होकर मात्र 35 किलोमीटर रह गई। इस तरह लगभग 14 साल पहले इस मार्ग का निर्माण बड़ी मुश्किलों के बीच पूरा हो पाया था जिसमें तेंदूखेड़ा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक संजय शर्मा का विशेष योगदान रहा था। इस तरह गाडरवारा से तेंदूखेड़ा पहुंच मार्ग पर नर्मदा नदी ककरा घाट पर करोड़ो की राशि से बने हुये पुल की जो सच्चाई देखने मिल रही है वह चौकाने वाली साबित होने के साथ साथ इसके निर्माण की गुणवत्ता पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि अपने निर्माण के मात्र 14 साल उपरांत जिस तरह ककराघाट पर बना हुआ पुल अनेक जगहों से टूटते हुये दिखाई देने के साथ साथ हाल यह बना हुआ है तक पुल के अंदर लगी हुई लोहे की राडे निकलने के चलते दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने से नही चूक रही है..? यदि पुल निर्माण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो भारत सरकार केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आऱ एफ.) गाडरवारा-तेंदूखेड़ा मार्ग किलो मीटर 14/10 में नर्मदा नदी के ककराघाट में जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण हुआ था। मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार इस पुल की लम्बाई 350 मीटर तथा चौड़ाई 8.40 मी./7.50 मीटर बताया जाती है। वही कार्यादेश की अवधि 3 मार्च 2010 के साथ साथ निर्माण कार्य की अवधि 24 माह वर्षाकाल छोड़कर निर्धारित थी। वही सरकार द्वारा इस निर्माण के लिये प्रदत्त की गई राशि 1317.82 लाख रूपया थी। इस पुल का निर्माण में एस. पी सिंगला कन्सट्रक्शन प्रा. लि. पंचकूला हरियाणा द्वारा किया गया था। इस तरह गाडरवारा से तेंदूखेड़ा पहुंच मार्ग के नर्मदा नदी ककरा घाट पर बने हुये इस पुल को मौके पर स्थापित वोर्ड के अनुसार बने हुये जहां अभी मात्र 14 साल का समय गुजरा है। यदि वोर्ड को छोड़कर सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुल को बने हुये लगभग दस साल ही निकले होगे..? मगर जिस तरह पुल का ऊपरी भाग अनेक जगहों पर टूटते हुये दिखाई देने के साथ उससे निकल रही लोहे की राड़े गुणवत्ता की सच्चाई उजागर करने के साथ साथ किसी बड़ी दुर्घटना के लिये आमंत्रण देने से नही चूक रही है..? इस तरह अपने निर्माण के मात्र चंद वर्ष उपरांत टूटते हुये दिखाई देने लगे इस पुल के लम्बी उम्र की कल्पना करना जहां क्षेत्रवासियों के लिये बेमानी साबित होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गाडरवारा से तेंदूखेड़ा पहुंचने के नाम पर हम लोगों को लगभग 15 साल पहले मिली सबसे बड़ी सौगात जिस तरह छिन्न भिन्न होते हुये दिखाई देने लगी है निश्चित तौर से इस पुल के निर्माण के दौरान अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम है..? वही लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की गफलबाजी पुल निर्माण के चंद वर्षो उपरांत ही उभरकर सामने आने से नही चूक रही है। यदि इस ओर सरकार द्वारा ध्यान नही दिया गया तो किसी दिन यह पुल धराशाही होने के साथ साथ एक बड़ी घटना का कारण साबित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जहां तहां स्थापित की गई





**गाडरवारा।** नगर के मुख्य स्थानों पर पुलिस द्वारा लगायी गयी शिकायत पेटियां, इसके जरिये छोटे बच्चे-बच्चियां छेड़खानी और यौन शोषण एवं अपने आस-पास होने वाले अपराधों की शिकायत कर सकेंगे, शिकायतकर्ता की पहचान रखी जावेगी गोपनीय रखे जाने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं से छेड़खानी और स्कूली बच्चों को यौन शोषण से बचाने एवं क्षेत्र में हाने वाले अन्य अपराधों पर अंकुश लागाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में शिकायत पेटियों को लगाया गया है। छात्राएं और बच्चे अपने साथ होने वाली अभद्रता या किसी समस्या को एक पर्ची में लिखकर शिकायत पेटी में डाल सकते हैं। शिकायतकर्ता छात्र-छात्राओं के नाम को गोपनीय रखा जाएगा. साथ ही आमजन एवं महिलाएं भी अपने आस-पास होने वाले अपराधों की शिकायत उक्त पेटी में डाल सकते है। बताया जाता है कि इन पेटियों में डाले जाने वाली शिकायते सीधे पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचेगी शिकायत तथा उक्त शिकायत पेटियों को 3-4 दिन में थाना प्रभारी द्वारा खोला जावेगा जो पेटी में प्राप्त शिकायत पत्र को सीधे पुलिस अधीक्षक के पास भेजेगें पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त शिकायत को स्वयं संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करायी जावेगी। इस तरह गाडरवारा अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत थाना गाडरवारा में पी.जी. कॉलेज गाडरवारा एवं पानी टंकी के पास गाडरवारा, थाना सांईखेडा क्षेत्र में नगर परिषद के पास सांईखेडा एवं ग्राम रमपुरा। थाना चीचली क्षेत्र में बस स्टेण्ड चीचली एवं गांधी चौक चीचली। थाना डोंगरगांव क्षेत्र में ग्राम इमलिया एवं ग्राम कल्यानपुर तथा समीपस्थ थाना पलोहा क्षेत्र में उप सरपंच के घर के पास पलोहा।वही इन पेटियों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक एवं नरसिंहपुर पुलिस द्वारा आम लोगों से अपील करते हुये कहा गया है कि डरे नही अपने साथ एवं आस-पास होने वाले हर अपराध के विरूद्ध अपनी शिकायत को गोपनीयता के साथ पेटी में डाले आपकी पहचान एवं नाम को गोपनीय रखा जावेगा। पुलिस आपकी सेवा में तत्पर है...? इस तरह पुलिस द्वारा आमजन को सुविधाये प्रदान करते हुये शुरू की गई पहल को लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या इन पेटियों में डाले जाने वाली शिकायतों पर कार्यवारही हो पायेगी..? क्योंकि बीते हुये दिनों जिस तरह गाडरवारा नगर कें घटित हुई घटना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो दिन दहाडे घटित हुई घटना के पूर्व मृतक द्वारा तीन दिन पहले पुलिस थाने में पहुंचकर जिस तरह आवेदन दिया गया था उसे एक दो तारा अधिकारी द्वारा चुपचाप रख लिया गया था जिसके चलते लोगों ने पुलिस की गैर जिम्मेदाराना कार्यवाही के चलते एक बड़ी घटना को देखने के लिये मजबूर होना पड़ा है..। इस सच्चाई के चलते क्या थाने में पदस्थ इस तरह के अधिकारियों के भरोसे नगर के लोगों द्वारा पुलिस के प्रति खोये गये विश्वास को यह पेटियाँ वापिस लाने में सफल हो पायेगी..? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि हत्या की घटना में मृत हुये मधुर चौरासिया द्वारा जिस प्रकार से घटना के पहले पुलिस थाने में पहुंचकर आवेदन देते हुये कार्यवाही की गुहार लगाई गई थी। मगर वहां पर डियूटी पर तैनात एक दो ताराधारी अधिकारी द्वारा चुपचाप तरीके से आवेदन की सच्चाई से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत न कराते हुयें चुपचाप तरीके से उसे अपने पास रख लिये जाने का परिणाम है कि नगर में इस तरह की घटना सामने आई है..? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि इस आवेदन से थाना प्रभारी व उप पुलिस अधीक्षक को किसी तरह की जानकारी नही थी। मगर एक दो ताराधारी अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना रवैया का परिणाम है कि जहां एक परिवार चिराग बुझने के चलते आज भी मातम का महौल देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर खुद अधिकारी अपने घर में चिराग रोशन होने की खुशी में परिवार जन खुशी के चलते मिठाई खाने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी ओर इस तरह अपनी डियूटी के दौरान गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने वाले अधिकारी के खिलाफ उच्च स्तर से किसी तरह की कार्यवाही न होने के साथ साथ उसे अभयदान दिये जाने के बीच लोगों के दिलों में यह सबाल पेदा होने से नही चूक पा रहा है कि जब पुलिस थाने में पहुंचकर दिये जाने वाले आवेदन ही गायब हो जाते है तो फिर इन पेटियों में डाले जाने वाले आवेदनों पर कार्यवाही की उम्मीद कर पाना क्या संभव हो पायेगा...?

## अपने प्रेमी के साथ मिलकर बहिन की हत्या करने बहिन सहित प्रेमी को न्यायालय से सुनाई

*जघन्य व सनसनी खेज मामले में मृतिका को न्याय दिलाने में अभियोजक त्रिपाठी ने की पैरवी*




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** भले ही कोई आरोपी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद चालाकी करते हुये बचने का प्रयास क्यों न कर ले। मगर जब मामला विद्यवान न्यायाधीश के समक्ष पहुंचता है तो दूध का दूध और पानी का पानी होने से नही चूक पाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये स्थानीय न्यायालय में उस समय देखने मिली जब एक जघन्य व सनसनी खेज मामलें में अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा पेश की गई तर्को से सहमत होते हुये मा.तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश आरती ढ़ींगरा द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर बहिन की हत्या करने वाली आरोपी बहिन व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सें दंडित करते हुये जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मा.आरती ढ़ींगरा ने न्यायालय के प्रकरण में फैसला सुनाते हुए बहिन की हत्या की आरोपिया एवं उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस थाना साईखेड़ा के अंतर्गत बीते हुये 22 फरवरी 2023 को शासकीय अस्पताल सांईखेड़ा से मेडीकल आफीसर द्वारा इस आशय की लिखित तहरीर प्रेषित की गई कि अग्रसेन वार्ड निवासी शिखा अवस्थी को जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। वही मृतिका शिखा अवस्थी की मृत्यु परिजनों के बताये अनुसार वाथरुम में गिरने से हुई किन्तु मृतिका को आई चोटों के आधार पर ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि मृतिका की मृत्यु वाथरुम में गिरने से हुई हो..।उक्त तहरीर के आधार पर थाना सांईखेड़ा द्वारा मर्ग कायम करते हुये जांच शुरू की गई तथा जांच एवं मृतिका की पी.एम. रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा मृतिका की बहिन आरोपी खुशबू अवस्थी एवं आरोपी बहिन के प्रेमी राहुल सिंह के विरुद्ध धारा 302,34 भा.द.वि. में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस तरह सांईखेड़ा पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरप्तार करते हुये जब चार्ज सीट मा.न्यायायल के समक्ष पेश की गई तो न्यायालय के विद्यवान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मा.आरती ढ़ींगरा इस प्रकरण की सुनवाई करते हुये अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा पेश की गई अपनी तर्को के साथ प्रकरण में आई साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त खुशबू अवस्थी एवं राहुल सिंह को दोषी मानते हुए धारा 302,34 भा.द.वि. में आजीवन कारावास एवं एक एक हजार रूपया के अर्थदंड से तथा धारा 201 भा.द.वि. में सात - सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक एक के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

## पालक के पत्तों से सिखाया पृथक्करण

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 वीं मे जीव विज्ञान संकाय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रयोग शाला में पालक के पत्तों से डीएनए का पृथक्करण किया गया। इस दौरान सभी छात्र छात्राओं के द्वारा बहुत ही बेहतर तरीके से प्रयोग कार्य में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य महेन्द्र सिंह पटैल के निर्देशन मे शाला में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ संदीप कुमार मेहरा, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगौंड , राम किशोर चौधरी एवं श्रीमती रजनी जगेत के द्वारा छात्रों को मार्ग दर्शन दिया गया एवं उन्हें बताया कि विज्ञान विषय मे प्रायोगिक कौशलो से ही विषय के प्रति समझ विकसित होती है।

## सड़क निर्माण में लगी हुई मिक्सर मशीन की चपेट में आने से मौके पर हुई युवक की मौत, पुलिस द्वारा शुरू की गई कार्यवाही



**सांईखेड़ा।** सड़को का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा लोगों को आने जाने के लिये सुविधाओं को प्रबंध नही किये जाने का परिणाम है कि लोग बेमौत मरने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार को नगर के समीपस संसारखेड़ा मार्ग पर उस समय देखने मिली जब सीमेन्ट सड़क निर्माण कार्य करने में लगी हुई मिक्सर मशीन की चपेट में एक बाइक सवार युवक के आने के कारण उसी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दादा धूनी वालों की नगर के समीप तूमड़ा संसारखेडा मेहरागांव रोड का निर्माण कार्य मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के ठेकेदार मै नीलधन कंटक्सन 28 ओमनगर भोपाल के द्वारा किया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये शुक्रवार को काम करते वक्त निर्माण कार्य में लगी हुई मिक्सर मशीन के चालक द्वारा द्वारा लापरवाही पूर्वक अपनी मशीन को चलाते हुये सड़क मार्ग के किनारे से निकल रहे युवक को रौंद दिया गया। वही का निवासी अभिषेख पिता प्रहलाद पटैल उम्र लगभग 37 साल अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था। उसी दौरान इस मिक्सर मशीन की चपेट में आने के कारण जहां युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरी ओर इस घटना के चलते संपूर्ण क्षेत्र में आक्रोश का महौल निर्मित होने के कारण जहां मशीन का चालक मौके से फरार हो गया। वही घटना की सूचना मिलने पर सांईखेड़ा थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौपते हुये आरोपी मिक्सर मशीन के चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मृतक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र होने के चलते घर में मातम का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया है।

## पत्नी द्वारा किस्त जमा करने की बात कहे जाने पर पति ने कर दी पिटाई

गाडरवारा



अक्सर देखा जाता है कि लोग फायनेंस कंपनी से लोन तो ले लेते है मगर जब किस्त नही भरते है और किस्त मांगने वाले घर पहुंचने लगते है तो परिवार के सदस्यों को अपमानित होने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही जब परिवार के लोग किस्त जमा करने की बात कहते है तो विवाद की स्थिति निर्मित होने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के आजाद भवन के पास उस समय देखने मिली जब पत्नी ने अपने पति से किस्त जमा करने की बात कही तो पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के आजाद भवन के पास निवास करने वाली एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपने घर पर थी उसी समय बंधन बैंक गाडरवारा से लोन की किस्त के संबंध में कोई साहब लोग आये थें और बोले की आपके पति आशीष ठाकुर के द्वारा लोन की किस्त जमा नही की जा रही है। जब प्रार्थिया का पति आशीष ठाकुर घर आया तो पत्नी ने कहा कि किस्त जमा क्यो नही की गई। बैक वाले घर किस्त मागने के लिये आये हुये थें। इसी बात को लेकर पति द्वारा अपनी पत्नी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई जाने पर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## उम्रदराज पेड़ किसी दिन बड़ी घटना को दे संकेत हैं अंजाम?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पर्यावरण की रक्षा के मकसद से हालांकि प्रदेश सरकार, स्वयंसेवी संस्थाएं, समाज सेवी संस्थाओं द्वारा शहर में लगातार वृक्षा रोपण कराकर नगर की हरीतिया सलामत रखने की दिशा में निरंतर पहल कर रहे है। किन्तु इसके बाबजूद देखने में आ रहा है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली व्यस्तम सड़कों के दोनों ओर जो पुराने पेड़ लगे है, जिसका परिणाम है कि ये पेड़ खोखले होते जा रहे है और उनकी शाखायें बोझिल हो गयी है और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हुए उनके गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि लोकनिर्माण विभाग के अधीन आने वाली स्टेशन से शहर व गाडरवारा से सांईखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क के किनारों पर आम और अन्य फलों के वृक्ष सीना तान खड़े है, इनमें से अधिकांश वृक्ष उम्र दराज बताये जाते है। बताया जाता है कि पूर्व वर्षो में उक्त सड़क के किनारे आम के वृक्षों की नीलामी की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जाती थी, किन्तु अब आम के वृक्षो के नीलामी का काम बंद हो गया है और ये पुराने पेड़ बिना धनीधोरी के रह गये है? हालत यह है कि कभी- कभार कई आम के पेड़ जरा से तूफान चलने के दौरान या तो बीच सड़क पर गिर जाते है या फिर उन्हें शहीद कर दिया जाता है? चौकांने वाली सच्चाई है कि पहले हरिभूमि व आमजनता द्वारा आवाज उठाने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़क के किनारे लगे वृक्षों की कांट छांट या उनके रख रखाब का उचित प्रबंध नही किया गया है मगर अब उनकी अनदेखी किये जाने के कारण यह पुराने पेड़ अब गंभीर घटनाओं का सबब बनने लगे है।

## आज भी सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव भी वंचित हैं पक्की सड़क से, कच्चे रास्ते से गुजरने के लिए हो रहे मजबूर

**साईंखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए उनका भला किया जा रहा है, मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़कों से नही जुड पाये है? लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भले ही गॉव गॉव सड़को का जाल विछा दिया हो परन्तु विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गॉव आज भी पक्की सड़क की सुविधा से कोशो दूर दिखाइ्रर पड़ रहे है, जिसके चलते लोगों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पक्की सड़क न होने से वर्षा काल में आवागमन दूभर हो जाता है और इन गांवों के लोग आज भी अपने आप को आज से 15 वर्ष पूर्व की स्थिति के समान महसूस करते हुए देखे जा रहे है? यहां के लोगों का कहना है कि इन ग्रामों में शीघ्र ही पक्की सड़क की सुविधा जनप्रतिनिधियों द्वारा मुहैया करायी जाये जिससे लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य जैंसी बुनियादी सुविधाओं के लिये शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। बताया जाता है कि इन ग्रामों के लोगों को आज भी अपनी आवश्यकता की बस्तुओं की खरीद फरोख्त के लिये साईंखेड़ा आना पड़ता है, मगर पक्की सड़क न होने से आवागमन में परेशानी होती है साथ ही साथ इन गांवों में निवास करने वाले बच्चों का भी शिक्षा स्तर गिरता हुआ देखा जा रहा है, वही स्थिति तो गंभीर उस समय देखी जाते है तब गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने की जरूरत पड़ जाती है, क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले कई सालों से वे सड़क का सपना संजोये बैठे हैं कि उनके ग्राम में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनेगी परन्तु उनका सपना आज भी पूरा नही हो पाया है, जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि लगभग एक हजार की आवादी बाले क्षेत्र के ग्राम में पक्की सड़क की सुविधा न होने से विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों को रोड तक आने में दिक्कतों का सामना करते है,।

## सुअरों के विचरण पर नियंत्रण न लगने से शहर में फैला रहा आक्रोश



**गाडरवारा।** स्वाईन प्लू जैसी जानलेवा बीमारी के वायरस फैलाने में अहिम माने जाने वाले सुअरो के खुलेआम विचरण पर प्रभावी नियंत्रण न लगने का परिणाम है कि सैकड़ो की तादाद में रोज नगर में सुअर झुंड के रूप में घूमते हुए देखे जा रहे है तथा इस स्थिति के चलते लोगों दहशत फैला रहे है कि कही स्वाईन प्लू वायरस अपनी आमद न दे डाले? क्योंकि नगर में जहां तहां घूमने वाले इन सुअरों से मुक्ति मिलना फिलहाल शहरवासियों को कठिन जान पड़ रहा है। गौरतलब है इन दिनों नगर के वार्डो, कालोनियो सहित शुक्रवारा सब्जी बाजार में तो सुअरों की उन्मुक्त विचरण लीला लगातार जारी है ही साथ ही सुअरो ने अब शहर लोगों के घरों के पास भरे रहने वाले पानी में भी अड्डा बनाने से नही चूक रहे है। जिसके चलते निश्चित तौर से यह भ्रमण करने वो सुअर शहर में गंदगी फैलाने के साथ साथ बीमारियों को जन्म देते हुये जान पड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार से नगर की गल्ला मंडी के एक शेड के पीछे बड़े गड्ढे में पानी भरा रहने से वह सुअरो की शायद पसंद आ गया है। इसलिए इस गड्ढे में रात दिन सुअरों का जमावड़ा लगा रहता है और मौका मिलते ही ये अनाज की ढेरियों के पास पहुँच किसानों को परेशानी में डाल देते है। नगर के शुक्रवारा के पास सब्जियो की दुकानें लगाने वालों का कहना है कि आवारा सुअरो के विचरण से उन्हे सब्जियो की सुरक्षा करनें मुश्किल हो रहा है, शहर के वाहन मालिकों ने बताया कि चौराहो, मुख्य सड़कों पर सुअरों के घूमने से यातायात व्यवस्था पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है और कभी कभी इन सुअरो की धमाचौकड़ी से वाहन चलाना भी मुश्किल हो रहा है। इसी तरह मस्जिद, मंदिरो के इर्द गिर्द प्रतिदिन शूकरो के घूमने से इन पवित्र जगहो पर जाने में भी श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है, जिसके चलते अब यह सुअर जहां सभी वर्ग के लोगों को परेशानी का कारण बनते हुये देखे जाने लगे है, मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा इन सुअरों के भ्रमण पर अंकुश लगाने के लिये कोई उचित कदम नही उठाये जाने से लग रहा है कि शायद अब शहरवासियों को कोरोना वायरस की जंग लड़ने के साथ साथ स्वाईन प्लू की महामारी से भी जूझने के लिये मजबूर होना पड़ेगा?

**खबर संक्षेप**

## अच्छे विचारों को प्रोत्साहित करने से अच्छा बनता है समाजः डॉ. विनम्र वी जैन

**अनूपपुर।** सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से अनूपपुर आने वाले सर्वोदय नेताओं और सेवकों का स्वागत करते हुए शहडोल संभाग के अग्रणी चिकित्सालय अमृता अस्पताल के डायरेक्टर रोबोटिक सर्जन डॉ विनम्र वी जैन ने कहा कि अच्छे विचारों और कार्यों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने से अच्छाई का वातावरण निर्मित होता है। समाज अच्छा बनता है। उल्लेखनीय है कि डॉ. विनम्र वी. जैन सर्व सेवा संघ अधिवेशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष और लोक समिति अनूपपुर के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी में हैं। यह जानकारी आयोजन समिति के संयोजक सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण ने दी। ज्ञात हो कि विंध्य में सर्व सेवा संघ का पहली बार 22, 23 दिसंबर को अनूपपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन किया जा रहा है। सर्व सेवा संघ सर्वोदय विचार की सर्वोच्च संस्था है जिसके दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन महात्मा गांधी के पोते सामाजिक कार्यकर्ता वी लेखक तुषार गांधी करेंगे। वरिष्ठ अधिवेशन में कई ख्यातिलब्ध गांधी विचारक, चिंतक, लेखक एवं रचनात्मक कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसके नाम हैं जिसमें सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ सुगन बरंठ, मैनेजिंग ट्रस्टी शेख हुसैन, गांधी वाचक अरविंद अंजुम, गांधी नेशनल म्यूजियम के डायरेक्टर डॉ ए. अन्नामलाई, गांधी भवन न्यास के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव दयाराम नामदेव, सम्यक अभियानक प्रवर्तक वरिष्ठ लेखक, विचारक भास्कर राव रोकड़े, पूर्व संसद और गांधी विचार की वाहक मीनाक्षी नटराजन, पूर्व आईएएस और लेखक राजीव शर्मा, पूर्व हाई कोर्ट जस्टिस मनोरंजन मोहंती, किसान अधिकार अभियान महाराष्ट्र के संयोजक अविनाश काकडे और राजस्थान के संयोजक जगदीश भाई, डॉ विश्वजीत रॉय, मध्यप्रदेश गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणी आदि। इसके अलावा प्रदेश सर्वोदय मंडलों के अध्यक्ष, मंत्री सहित 350 डेलीगेट्स शामिल होंगे। डॉ विनम्र वी जैन ने कहा कि ये अत्यंत हर्ष का विषय है कि उनका पूरा परिवार समाजवादी और सर्वोदय विचार के साथ गहरे जुड़ा रहा है। मैंने बचपन से अपने घर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाजवादी और सर्वोदयी नेताओं का आना-जाना देखा है। उनसे मिला हूं, उन्हें सुना-जाना और उनका स्नेह पाया है। मेरे पिता सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारणी में रहे हैं। इसलिए मेरे लिए यह गौरव की बात है कि मुझे सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन की स्वागत समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

# कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूँका, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**डिंडौरी न्यूज़।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लंबा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा विभा पटेल के निर्देश एवं पूर्व मंत्री डिंड़ौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम के मार्ग दर्शन पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के खिलाफ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा गत दिवस संसद में दिये गये बयान के विरोध मे महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोषी रामजी साहू के नेतृत्व में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों के द्वारा गृहमंत्री अमित शाह का अवंती बाई चौक में पुतला दहन कर नारे बाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँच महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोषी रामजी साहू के कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने छह बार डॉक्टर अंबेडकर का नाम लिया और संसद में कहा है कि उनका नाम लेने का फ़ैशन हो गया है। यह बहुत ही निंदनीय है। क्या डॉक्टर अंबेडकर को याद करना फ़ैशन है? अंबेडकर जी का नाम लेने से अधिकार मिलते हैं। अंबेडकर जी का नाम लेना मानवीय गरिमा का प्रतीक है। अंबेडकर जी का नाम करोड़ों दलितों-वंचितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है। अंबेडकर जी के नाम से उसी को दिक्कत हो सकती है जिसे संविधान से, बराबरी से, भागीदारी से दिक्कत हो।गृहमंत्री अमित शाह के बयान में झुँझलाहट ज़्यादा दिखाई पड़ती है, बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी को देश न भूलेगा, न बर्दाश्त करेगा। अमित शाह को माफ़ी मांगनी ही होगी। हमने महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के नाम का ज्ञापन कलेक्टर महोदय मध्यम से दिया है और मांग किये है कि बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी के लिये उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी होगी और उन्हें मंत्री मंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि डॉ.बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने छह बार डॉक्टर अंबेडकर का नाम लिया और संसद में कहा है कि उनका नाम लेने का फ़ैशन हो गया है। यह बहुत ही निंदनीय है। महिला कांग्रेस इसकी घोर निंदा करती है। क्या डॉक्टर अंबेडकर को याद करना फ़ैशन है? अंबेडकर जी का नाम लेने से अधिकार मिलते हैं। अंबेडकर जी का नाम लेना मानवीय गरिमा का प्रतीक है। अंबेडकर जी का नाम करोड़ों दलितों-वंचितों के आत्मसम्मान का प्रतीक है। अंबेडकर जी के नाम से उसी को दिक्कत हो सकती है जिसे संविधान से, बराबरी से, भागीदारी से दिक्कत हो। गृहमंत्री अमित शाह का बयान BJP-RSS की संविधान-विरोधी, अंबेडकर-विरोधी, मनुवादी मानसिकता का कड़वा सच है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी के बयान में झुँझलाहट ज़्यादा दिखाई पड़ती है, बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी को देश न भूलेगा, न बर्दाश्त करेगा। गृहमंत्री जी को देश से माफी मांगनी पडेगी। अतः महामहिम जी बाबा साहेब पर गृह मंत्री की अपमानजनक टिप्पणी के लिये उन्हें देशवासियों से माफी एवं मंत्री मंडल से बर्खास्त किये जाने की मांग महिला कांग्रेस करती है।



### प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डिंडौरी जिलाध्यक्ष अशोक पड़वार, अमित गुप्ता, संगनी उद्दे, रमाकांत साहू, जावेद इकबाल, अयोध्या बिसेन, जीतू ठाकुर, गुलवसिया बाई, प्रतिमा सांडया, सुमंत्री आयाम, मोहवती यादव, भारत श्रीवास, शिवकुमार धुर्वे, तोकसिंह मरावी, लोकेश पटेरिया, वृंदा परस्ते, राधा शर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, ऊषा बर्मन, मकसूद खान, खलीद खान, दिनेश बर्मन, कलिंदिया बाई एवं भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहीं।

## जागरूकता रथ के माध्यम से जल जीवन मिशन के बारे में किया जा रहा जागरूक



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** सुशासन सप्ताह और जनकल्याण पर्व के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में सहायक संस्था स्मिता महिला शिक्षण संस्था रांझी,जबलपुर के द्वारा नल जल योजना के संचालन संधारण ग्राम की सामुदायिक भागीदारी एवं क्रियान्वयन की जानकारी प्रसारित करने और लोगों को जल के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए जल जीवन मिशन जागरूकता रथ गाँव गाँव तक पहुंच रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते एवं कार्यपालन यंत्री पीएचई अफजल अमानुल्लाह ने 16 दिसंबर को हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। जागरूकता रथ ने डिंडोरी के ग्राम पंचायत बारछा माल, बारछा रैयत, मुडिया कलाचौरा रैयत, मिगडी रैयत, कनाई संगवा में पहुँचकर योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया है । यह जागरूकता रथ जिले के 89 गांव में जाकर प्रचार प्रसार कर ग्रामवासियों को जल के महत्व उसके संरक्षण संवर्धन एवं रखरखाव के साथ-साथ नल जल योजना के क्रियान्वयन में ग्राम की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित कर रहा है । सहयोगी क्रियान्वयन संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं अन्य विभागीय प्रचार प्रसार भी आयोजित की जा रही हैं।

# 26 वर्षों में कांग्रेस व भाजपा को शहपुरा मुख्यालय से नहीं मिला जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा- डिंडोरी** जिले का निर्माण 25 मई 1998 को हुआ व जिले के निर्माण में शहपुरा मुख्यालय के सहयोग और महती भूमिका को नकारा नहीं जा सकता इसके बावजूद कांग्रेस व भाजपा जैसे प्रमुख राष्ट्रीय राजनैतिक दलों ने शहपुरा मुख्यालय से लंबे समय से अब तक कोई जिलाध्यक्ष ही नहीं बनाया जो शहपुरा नगर और यहां के आमजन का अपमान व उपेक्षा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है जबकि डिंडोरी जिले में शहपुरा नगर का अपना एक अलग स्थान सम्मान व अस्तित्व है अर्थात शहपुरा विधानसभा अनुभाग तहसील नगर परिषद मुख्यालय इत्यादि होने के बावजूद भी मानो भाजपा कांग्रेस जैसे मुख्य राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को जिलाध्यक्ष पद के लिए इतने बड़े शहपुरा मुख्यालय से कोई भी योग्य उम्मीदवार न मिलना शहपुरा नगर व क्षेत्र की जनता के साथ छलावा है जबकि वर्तमान में जिले की दो विधानसभा सीटों में शहपुरा से ही भाजपा विधायक हैं और डिंडोरी में कांग्रेस विधायक हैं तो वहीं दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों में डिंडोरी गाड़ासरई बजाग इत्यादि से तो पूर्व में जिलाध्यक्ष बनाए गए परंतु शहपुरा मुख्यालय से अब तक किसी को भी जिलाध्यक्ष का पद नहीं दिया गया जो निंदनीय है जिससे यहां की जनता खुद को ठगा सा और अभागा महसूस कर रही है और इससे यही लगता है कि शहपुरा नगर व क्षेत्र की जनता सिर्फ और सिर्फ वोट देने के लिए ही बनी है नेतृत्व करने के लिए नहीं अन्यथा की दृष्टि में नेतृत्व विकेंद्रीकरण के लिए कांग्रेस व भाजपा को शहपुरा मुख्यालय से निश्चित ही अब अगला जिलाध्यक्ष चुनना चाहिए जिससे शहपुरा के अस्तित्व और मतदाताओं को भी तवज्जो मिल सके।

*कांग्रेस-भाजपा ने नहीं बनाया जिलाध्यक्ष-* डिंडोरी जिले के निर्माण के बाद से अब तक लगभग 26 साल में कांग्रेस ने शहपुरा मुख्यालय से किसी भी व्यक्ति को पार्टी का जिलाध्यक्ष नहीं बनाया तो वहीं भाजपा द्वारा भी कमल अग्रवाल के बाद से बीते लगभग 20 वर्षों में किसी भी व्यक्ति को शहपुरा नगर से जिलाध्यक्ष का दायित्व नहीं दिया गया जबकि यह भी सत्य है कि डिंडोरी जिले में बीते वर्षों में दोनों ही दलों को शहपुरा नगर क्षेत्र से एक बराबर व भरपूर प्यार मिला है तथा 1977 से 2023 तक शहपुरा विधानसभा से कांग्रेस के 06 तो भाजपा के 05 विधायक निर्वाचित हुए हैं , देखा जाए तो पड़ोसी जिलों में भी जिला मुख्यालय के अलावा अन्य प्रमुख स्थानों से भी जिलाध्यक्ष बनाकर राजनैतिक समन्वय बनाया जाता है तो वहीं प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व भी इस बात का पूरा ख्याल रखता है कि हर स्तर पर समन्वय बना रहे लेकिन स्थानीय मोनोपली के चलते जिला स्तर पर यह समन्वय दूर दूर तक नहीं दिखता और शाहपुरा को हर बार नजरअंदाज कर केवल डिंडोरी जिला मुख्यालय और आसपास से ही जिला अध्यक्ष का चुनाव करने की दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों की महत्वाकांक्षा समझ से परे है और लगता है मानो डिंडोरी के भरोसे ही पूरा जिला चल रहा हो और शेष अन्य प्रमुख स्थलों का अस्तित्व नगण्य हो , और विकेंद्रीकरण की दृष्टि से जिला मुख्यालय बनाए जाने का यह बिल्कुल मतलब नहीं होता कि जिले भर के अन्य प्रमुख स्थलों को नजरअंदाज कर केवल जिला मुख्यालय से ही सभी गतिविधियों का संचालन किया जाए फिर तो यह मोनोपली से ज्यादा और कुछ नहीं है और यदि सब कुछ जिला मुख्यालय से ही होना संभव है तो फिर जिले भर के अन्य आम जनमानस से कोई अपेक्षा ही न रखी जाए अन्यथा सबको बराबर का स्थान , सम्मान व नेतृत्व मिलना चाहिए।

## विकासखंड समनापुर में संपन्न हुआ अल्पविराम कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** कलेक्टर हर्ष सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार राठौर के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी समनापुर श्री सी पी साकेत के आतिथ्य में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनंदिनी कार्यों में सकारात्मक भाव बढ़ाने की दृष्टि से शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला बाल विकास , स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए जनपद में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में सर्वप्रथम राज्य आनंद संस्थान भोपाल से आए हुऐ मास्टर ट्रेनर श्री प्रदीप महतो एवं मास्टर ट्रेनर मंजूषा शर्मा शेख ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में सीईओ समनापुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य आनंद संस्थान व्यक्ति को आनंदित रखने हेतु प्रयासरत हैं । कार्यक्रम को मास्टर ट्रेनर श्री प्रदीप महतो] मंजुषा शर्मा शेख आनंदम सहयोगी सोहन साहू ने संचालित किया।इस कार्यक्रम में विकासखंड के 57 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में जीवन का लेखा-जोखा सत्र, साथ ही रिश्तों का सत्र कराया गया, प्रतिभागियों ने आइस ब्रेक कार्यक्रम के माध्यम से खेल में भी एकाग्रता को समझा।समापन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी समनापुर ने आनंद विभाग की टीम के साथप्रमाण पत्र वितरण किये। प्रतिभागियों ने तनाव से मुक्ति के लिए अल्पविराम एक महत्वपूर्ण टूल है

# सुशासन सप्ताह और जन कल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को धरातल तक सुगम रूप से पहुंचाने के लिए चौथे सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जनकल्याण पर्व के तहत समनापुर कलस्टर में आज ग्राम पंचायत धुरकुटा, अजगर, बंजरा, गौरा कन्हारी में जन शिविर आयोजित किये गए। उक्त शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। सीईओ जनपद पंचायत समनापुर सी.पी. साकेत ने बताया कि आयोजित शिविरो में 60 से अधिक हितग्राहियों के आवेदन स्वीकार किये गए। सुशासन सप्ताह और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत डिंडौरी नगर में शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए वार्ड क्रमांक 8 में जनशिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 44 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत किए गए।

## स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए-प्रीति सिंह

**अनूपपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में निर्धारित एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने जिला पंचायत की सामान्य सभा में प्रस्तुत प्रस्तावों पर समय-सीमा में कार्यवाही किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर तथा सदस्य भूपेन्द्र सिंह, नर्मदा सिंह, दरोगा सिंह, रंजीत सरार्टी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चर्मकार, श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, रामजी रिन्कू मिश्रा सहित विभिन्न विभागों तथा जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह एवं उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकी राठौर ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों के व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग विधिवत रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा भी मुहैया कराया जाए। इस दौरान विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार अध्यक्ष जिला पंचायत ने शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा भौतिक रूप से सत्यापन करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण करने निर्देश

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत कराए जा रहे कार्यों की संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालय एवं छात्रावासों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग, खनिज विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों तथा उनके प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्यों के द्वारा जिले में संचालित खनिज विभाग के अंतर्गत खदानों तथा खदानों से प्राप्त हो रहे रोजगारों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर हुए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान अधिकारियों ने विषय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। जनजाति कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए कार्य, सोलर लाइट कार्य, पीएम श्री विद्यालय के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम चिल्हारी एवं परसवार में कराए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्य द्वारा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, जपं. अनूपपुर के ग्राम पंचायत दैखल के उद्वहन सिंचाई सहित अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर जिला पंचायत के पदाधिकारियों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षण करते हुए कार्यवाही किए जाने की बात कही।

# अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने डिंडौरी कलेक्टर को जारी किया जमानती वारंट




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** एमपी हाईकोर्ट के न्यायाधीश अवनीन्द्र कुमार सिंह ने पूर्व में जारी आदेश की नाफ़रमानी पर सख्त कदम उठाते हुए कलेक्टर डिंडौरी को जमानती वारंट जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कसईसोडा के खसरा क्रमांक 649 सार्वजनिक शासकीय रास्ता से अतिक्रमण हटाने के लिए कसईसोडा की वार्ड पंच ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी हाई कोर्ट ने एक महीने के अंदर अतिक्रमण हटाने काआदेश पारित कर डिंडौरी कलेक्टर को अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था, लेकिन डिंडोरी कलेक्टर के द्वारा अतिक्रमण हटाने कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके कारण याचिकाकर्ता वार्ड पंच शशिकला मार्को वार्ड क्रमांक 5 ने हाईकोर्ट में पूर्व में पारित आदेश का पालन नहीं पर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी, एमपी हाईकोर्ट ने डिंडौरी कलेक्टर के खिलाफ 100 रु का जमानती वारंट जारी कर अगली सुनवाई हेतु नियत दिनाँक 21/1/2025 को कलेक्टर डिंडौरी को हाईकोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## आरोहण के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते खिताब




**नरसिंहपुर।** गत दिवस शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा से प्रेरित होकर जिले के उच्च शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा आरोहण 2024 इंटर स्कूल स्पोर्ट्स फेस्टिबल का 03 दिवसीय भव्य आयोजन जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य, पं. मैथिलीशरण तिवारी अध्यक्ष भारत कृषक समाज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, इंजी. सुनील कोठारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं पंकज नेमा सराफ के विशिष्ट आतिथ्य तथा इंजी रूद्रेश तिवारी चेयरमैन एवं डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया।




### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

पुरस्कार वितरण सत्र के मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल ने आयोजन की प्रसंशा करते हुये युवाओं को खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम अध्यक्ष पं. मैथिलीशरण तिवारी ने युवाओं के खेल प्रोत्साहन के लिये इस प्रकार के आयोजन की महती आवश्यकता पर बल दिया। इंजी. सुनील कोठारी, डॉ. सुधीर सिंघई तथा पंकज नेमा सराफ ने भी अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की। स्वागत उद्बोधन में चेयरमैन इंजी. रूद्रेश तिवारी ने आरोहण के आयोजन एवं परिकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने आभार प्रदर्शन किया। तृतीय खेल दिवस का आयोजन मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीलम चौहान के मुख्य आतिथ्य तथा नीलेश जाट पत्रकार, रोटरी क्लब नरसिंहपुर अध्यक्ष सुमित जायसवाल, अर्पित सक्सेना एवं देवेश वैध की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। एन.सी.सी केडिट्स द्वारा राष्ट्रगान कर ध्वज को सलामी दी गयी।

### उन्होंने मारी बाजी

आयोजित की गई विविध प्रतियोगिता में बैडमिंटन एकल बालक वर्ग में किशन छेतिजा उपविजेता, यतिन झारिया विजेता, बैडमिंटन एकल बालिका वर्ग में सौम्या विश्नोई, उपविजेता, नित्या वाधबानी विजेता, बैडमिंटन युगल बालक वर्ग में तेजस अग्रवाल एवं किशन छेतिजा उपविजेता तथा शौर्य नेमा एवं सक्षम कौरव विजेता, बैडमिंटन युगल बालिका वर्ग में अंशिका यादव एवं याशी सराफ उपविजेता तथा अवन्या ओसवाल एवं नित्या वाधबानी विजेता, कैरम में देवांश पटेल उपविजेता तथा केशव विश्वकर्मा विजेता, शतरंज में आदी पटवा उपविजेता तथा वैभव नेमा विजेता, खो-खो बालक वर्ग में पं. नर्मदा प्रसाद मेमोरियल स्कूल कंजई उपविजेता तथा नेहरू उ. मा. विद्यालय नरसिंहपुर विजेता, खो-खो बालिका वर्ग में सी.एम.राईज नरसिंहपुर उपविजेता तथा न्यू ऐज पब्लिक स्कूल गाडरवारा विजेता, कबड्डी बालक वर्ग में शास. उ.मा. विद्यालय करकबेल उपविजेता तथा शास. उ.मा. विद्यालय झामर विजेता, कबड्डी बालिका वर्ग में शास. उ.मा. विद्यालय सिंहपुर बड़ा उपविजेता एवं शास. के. एन. व्ही. गाडरवारा विजेता, व्हॉलीबॉल में महाकौशल उ.मा. विद्यालय नरसिंहपुर उपविजेता एवं शास. नेहरू उ.मा. विद्यालय नरसिंहपुर को विजेता सहित बैंड डिस्प्ले में रोशन धोरेलिया वर्ल्ड स्कूल नरसिंहपुर उपविजेता एवं चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर को विजेता के रूप में क्रमशः 2100 रूपये तथा 1500 रूपये नगद पुरस्कार सहित ट्रॉफी, सिल्वर एवं गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल में अतिथि अश्विनी धोरेलिया, राजा भैया तखरया, डॉ. आशुतोष बेलापुरकर, रोटे. भूपेश शर्मा, रोटे. संजय मानसाता, रोटे. विपिन महाजन, रोटे. मनीष जैन, रोटे. मयंक मनोहर साहू, संजय नेमा, श्रीमती सुनीता यादव खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी, सुरेश जाट, डॉ. धनंजय पटेल, दुलीचन्द नेमा, मनोहर हींगड़े, मृदुलेश दुबे, योगेश शर्मा, प्रभात तिवारी एवं पंकज सागर की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा, श्रीमती आराधना दुबे एवं सुश्री विजेता सिधना द्वारा किया गया तथा योगेश शर्मा, देवेश वैध, मनीष कटारे, राजकुमार चैबे, पंकज नेमा, विकास शर्मा, सुश्री उषा सेलोकर को खेल के क्षेत्र में तथा पुनीत त्रिवेदी को अभिनय के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा सम्मान दिया गया। सभी खेल विधाओं के कोच, मैनेजर तथा सहयोगियों को मंच से सम्मानित किया गया। बेस्ट पार्टिसिपेशन अवार्ड हेतु शास. उ.मा. विद्यालय सिंहपुर बड़ा तथा बेस्ट परफोरमेन्स अवार्ड हेतु शास. नेहरू उ. मा. विद्यालय नरसिंहपुर को पाँच - पाँच हजार रूपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज की नई कार्यकारिणी का गठन



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में विगत दिवस साहू समाज उत्थान मंडल एवं साहू समाज तहसील शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन भगवान दास साहू की अध्यक्षता में संपन्न किया गया, जिसमें सर्वप्रथम साहू समाज की आराध्य मां कर्मादेवी जी के शैल चित्र पर माल्याअर्पण कर आरती करने के उपरांत सर्वसहमति से भगवान दास साहू सेवानिवृत शिक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष साहू समाज को पुनः अध्यक्ष के लिए चुना गया इसी क्रम में सचिव पद पर शिवशंकर साहू एवं कोषाध्यक्ष पद पर संजय साहू को मनोनीत किया गया उपाध्यक्ष खेमचंद साहू एवं ओमप्रकाश साहू संगठन सचिव संगीत साहू एवं घनश्याम साहू सह सचिव प्रदीप साहू को मनोनीत किया इसी कड़ी में प्रचार सचिव पद पर गोलू साहू अशोक कुमार साहू दुलीचंद साहू राजकुमार साहू एवं हरीश साहू को मनोनीत किया गया है व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर पवन साहू एवं शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गुलाबसिंह साहू शिक्षक तथा मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता के पद पर पत्रकार आशीष साहू को मनोनीत किया गया है कार्यकारिणी सदस्य में बद्री प्रसाद साहू उर्फ़ भोले शुभम साहू पंचम साहू के साथ अन्य साथियों को कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया है, नई कार्यकारिणी के गठन पर नियुक्त हुए सभी पदाधिकारीयों को समाज के सभी सम्माननीय जनों द्वारा शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की।

### चंद्रप्रकाश बने जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी



**नरसिंहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत के द्वारा चंदपुरा निवासी चंद्रप्रकाश अग्रवाल को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। श्री अग्रवाल को शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की।

### झील क्षेत्रों में अरहर और सब्जियों में लगा तुषार

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों चल रही सर्द बर्फीली हवाओं के साथ कड़ाके की सर्दी से ग्रामीण क्षेत्रों में झील क्षेत्रों में अरहर फसल के साथ साथ हरी सब्जियों में भी भटा टमाटर में भी पाला तुषार लगने की जानकारी मिली है।

**शीतलहर व अधिक ठंड से पालासेबचाव के लिए सलाह**

शीतलहर व अधिक ठंडी के कारण फसलों में पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने जिले के किसानों को सलाह दी है। फसलों में पाला लगने की संभावना दिसंबर तथा जनवरी के महीने में रहती है। पाला के प्रभाव से प्रमुख रूप से टमाटर बैंगन आलू फूलगोभी मिर्च धनिया पालक अरहर मसूर चना तथा कुछ मात्रा में गेहूं आदि के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना रहती है। पाला से फसलों के बचाव के लिए किसानों को रात्रि 10 बजे से पहले दिन में सिंचाई अवश्य करें। फसलों में सिंचाई रात्रि के दूसरे तथा तीसरे पहर में नहीं करें। पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलनशील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यूपी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिडकाव करें। इससे दो से ढाई डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढने से काफी हद तक पाला से बचाया जा सकता है। फसलों में पाले की आशंका होने पर थायो यूरिया का 0.5 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल की दर से छिडक़ाव करने से भी पाला से काफी हद तक फसलों को बचाया जा सकता है।

## युकां ने फूंका असम के मुख्यमंत्री का पुतला



नरसिंहपुर

शुक्रवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। सुभाष पार्क चैराहे पर युवा कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि असम में कांग्रेस कार्यकर्ता मृदुल इस्लाम की हत्या के संबंध में परिवार से मिलने जा रहे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिप को असम के मुख्यमंत्री के निर्देश पर बेवजह गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर युवा कांग्रेस द्वारा असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। वहीं ग्रह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पर की दिए गए आपत्तिजनक बयान से पूरे देश में रोष है। भाजपा इस मद्दे को भटकाने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर झूठे मामले दर्ज कर रही है। केंद्र सरकार और भाजपा की राज्य सरकारें संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं, युवा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। उक्त मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल चैरसिया, रोहित पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, चंद्रप्रकाश यादव, संजय राजपूत, मिक्की राय, एन एस यू ई जिला अध्यक्ष ईशान राय, कैलाश नौरिया, ऋषि राज पटेल, गोल्डी खान सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी का किया विरोध प्रदर्शन**



## नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

नरसिंहपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आनंद के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे की अध्यक्षता व सुनील कोठारी के विशिष्ट आतिथ्य में समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में 19 एवं 20 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण में आनंद ने बताया कि किसी भी कार्य के निष्पादन व सम्पादन में प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इससे कार्य में गति मिलती है और कार्य में गुणवत्ता के साथ कम समय में ज्यादा उपलब्धि तथा नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि स्वैच्छिकता एवं सामूहिकता के भाव से कार्य पद्धति ग्राम विकास का प्रमुख आधार है। प्रशिक्षण में ग्राम उत्सव, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्राम में शतप्रतिशत क्रियान्वयन, साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक बैठकों के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन आदि विषयों के बारे में बताया गया। श्री विवेक सिंह ने सीएसआर फंड, स्थानीय विकास के बारे में बताया।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



नरसिंहपुर

गत दिवस स्थानीय चावरा विद्यापीठ में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के मार्गदर्शन में नालसा (बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में जिला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर वैभव सक्सेना द्वारा अपने उद्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, भारत की न्याय प्रणाली के बारे में, मोटरयान अधिनियम एवं यातायात नियमो की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्री सक्सेना ने बच्चो एवं उपस्थित शिक्षकों को साइबर फ्राड से सतर्क रहने की समझाइश दी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उद्देश्यो, बाल संरक्षण कानून के साथ ही अन्य कानूनी जानकारी प्रदान की। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य फॉदर बाबू जॉन के साथ शिक्षकगण, पैरालीगल वालेंटियर मदन साहू एवं दीपचंद सोनी सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## गन्ना कटाई कार्य युद्ध स्तर पर



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना कटाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बाहर दूसरे जिलों से आए मजदूरों के द्वारा कटाई कराई जा रही है। साथ साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुड़ भट्टियों के माध्यम से भी गुड़ बनाने का कार्य भी चल रहा है। वहीं शुगर मिलों पर भी गन्ना स्वयं किसान लेकर पहुंच रहा है। शुगर मिल खुलने से क्षेत्रीय किसानों को गन्ना फसल बेचने के लिए अच्छा माध्यम मिला है वहीं किसानों को घाटे से उबरने का मौका मिला है। तथा सैकड़ों युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

## सेवानिवृत शिक्षकों, शिक्षिकाओं का स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न



**नरसिंहपुर।** सेवानिवृत शिक्षकों, शिक्षिकाओं का स्नेह मिलन का आयोजन ब्रांच प्राथमिक शाला कंदेली में किया गया। जिसमें वयोवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक विजयशंकर ज्योतिषी, रमाकांत गुप्त की विशेष उपस्थिति रही। इनकी इच्छा थी कि जीवन के इस पड़ाव में हमारे सभी साथियों से मुलाकात हो, जो विगत 25 वर्ष से अधिक समय से मिल नहीं पा रहे थे। सभी ने मिलकर एक दूसरे का हाल जाना। एवं सभी ने अपनी पुरानी यादें ताजा की। इस अवसर पर विजय शंकर ज्योतिषी, रमाकांत गुप्त, पी, एस, बुनकर,रामकुमार शर्मा, प्रभाकर सिंह राजपूत, पवन चौबे, श्री तिनगुरिया, श्रीमती बैजन्ती पाठक, दयावती ठाकुर, उर्मिला रैकवार, मुन्नी गुप्ता, मंजू लता जैन, शकुन नामदेव की उपस्थिति रही।

## अनुष्का फाउंडेशन क्लिनिक का हुआ शुभारंभ



**नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय अधिकारी के माध्यम से अनुष्का फाउंडेशन क्लिनिक (क्लबफुट) का शुभारंभ किया गया। अनुष्का फाउंडेशन एवं जिला चिकित्सालय के माध्यम से क्लब फुट वाले बच्चों का निशुल्क उपचार प्रति बुधवार किया जावेगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ गुरु चरण चौरसिया के द्वारा क्लब फूड क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्ता उपस्थित सिविल सर्जन महोदय के साथ-साथ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रणव सेन, डॉक्टर नवीन जैन , आर एम ओ डॉ राहुल नेमा, राजेंद्र डेहरिया परामर्शदाता प्रशांत सोनी के साथ-साथ प्रबंधक श्रीमती हर्ष कुमारी एवं फिजियोथेरेपिस्ट निखिलेश सोनी, आरती, ऑडियोलॉजिस्ट राकेश लोधी,छोटेलाल एवं अनुष्का फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर अभिषेक रैकवार उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य की राशन दुकानों पर दलाल सक्रिय



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर वितरण प्रक्रिया में अनियमितताओं के साथ-साथ अब कालाबाजारी की समस्या भी बढ़ती नजर आ रही है। राशनधारी का आरोप है कि राशन दुकानों पर दलालों का डेरा बना रहता है,जो राशनधारियों से सस्ते दामों पर राशन खरीदकर उसे ऊंचे दामों पर बेच देते हैं।दलालों की कालाबाजारी जारी वहीं कुछ राशनधारी ने बताया कि जैसे ही वे सरकारी दुकान से अपना राशन लेते हैं, दलाल तुरंत संपर्क करते हैं और उनसे कम दाम में राशन खरीदने का दबाव बनाते हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग,जो आर्थिक मजबूरी के कारण नगद पैसों की आवश्यकता में रहते हैं, अक्सर इन दलालों के चंगुल में फंस जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि बाजार में इस राशन की कालाबाजारी हो रही है,और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचने का उद्देश्य विफल हो रहा है।राशनधारी की शिकायतएक राशनधारी ने बताया, हमारे पास राशन तो मिलता है, लेकिन कभी-कभी पैसे की तंगी की वजह से हम उसे बेचने पर मजबूर हो जाते हैं। दलाल इसे कम दाम पर खरीदते हैं और बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त यह समस्या न केवल जरूरतमंदों के हक को छीन रही है बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़ा कर रही है। एक विश्वास सूत्र ने नाम ना छापने की शर्त पर चौंकाने वाला खुलासा किया बताया कि कई राशन केंद्र में तो स्वयं राशन की सप्लाई करने वाले अधिकारी और तुलैया,ही गरीबों का राशन खरीद रहे हैं। वही बाहर खड़े दलालों को राशन बोरी में भरकर देना पड़ता है,लेकिन राशन कालाबाजारी में लिप्त यह अधिकारी गरीब राशन धारी से सिर्फ राशन की पर्ची लेकर और पैसे देकर राशनधारी को चलता कर डबल मुनाफा कमा रहे हैं,इसके बावजूद प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा है,जिससे यह मुद्दा नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है,कालाबाजारी रोकने की मांग,राशनधारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि:राशन वितरण प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी जाए,दुकानों के बाहर सक्रिय दलालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए,जरूरतमंदों को नकद सहायता देने के लिए वैकल्पिक योजनाएं शुरू की जाएं,राशन केंद्र पर कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त है उनकी जांच कर कार्रवाई की जाए,प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे और उचित मूल्य की दुकानों को दलालों के प्रभाव से मुक्त कराए, ताकि गरीब और जरूरतमंदों को इस योजना का वास्तविक लाभ मिले और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान दें।

## मणि नागेन्द्र सिंह पटैल (मोनू भैया) जन्म जयंती सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**गोटेगांव।** समाजसेवा और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कीर्तिशेष मणिनागेन्द्र सिंह पटैल (मोनू भैया) की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का भव्य शुभारंभ 21 दिसंबर 2024, शनिवार को महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ किया जाएगा। इस आयोजन को समाज में जागरूकता और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है,कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मुलायम सिंह पटैल के साथ,मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटैल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल,विधायक महेन्द्र नागेश,युवा समाजसेवी प्रबल सिंह पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष आदित्य पटेल हैं,महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का विशेष आकर्षणमहिला क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विजेता टीम को 31,000 और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 15,000 और ट्रॉफी दी जाएगी। इसके साथ, मैन ऑफ द सीरीज को 2,000, मैन ऑफ द मैच को 500 और ट्रॉफी दी जाएगी।पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभमहिला क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के उपरांत 22 दिसंबर को पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे,आयोजन का उद्देश्यइस सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करना है। इस प्रकार के आयोजनों से खेल के क्षेत्र में महिलाओं को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में नई प्रतिभाओं का विकास होगा। यह आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि समाज में सामूहिकता और सेवा भावना को प्रबल करने का भी माध्यम है।